>

Title: Need to provide relief to farmers whose crops have been damaged in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh .

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): मैं केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जालौन-गरौठा, उत्तर प्रदेश के तहसील उरई की ओर दिलाना चाहता हूं। तहसील उरई के ग्राम-जैसाटी खुर्द, बधौली और बम्होटी के किसान फसलें नष्ट होने के कारण आत्महत्याएं कर रहे हैं। इन गांवों के आत्महत्या करने वाले सभी युवा किसान थे और इनकी सारी फसलें नष्ट हो गई हैं। फसलें नष्ट होने पर प्रदेश सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जिसके कारण किसान निराश थे। इन किसानों के पास फसलें नष्ट हाने के पश्चात् रोजीरोटी का कोई साधन नहीं था। यहां के किसानों ने फसलें नष्ट होने पर प्रदेश सरकार से सहायता मांगी थी लेकिन प्रदेश सरकार ने किसानों की मांगों की लगातार अनदेखी की है। अगर समय रहते प्रदेश सरकार कोइ कदम उठाती तो किसानों को आत्महत्या नहीं करनी पड़ती।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि जिन किसानों की फसलें नष्ट हुई हैं, उन्हें केन्द्र सरकार की ओर से उचित सहायता प्रदान की जाए क्योंकि इस क्षेत्र के किसानों की फसलें नष्ट हो गई हैं और किसान भुखमरी के कगार पर खड़े हैं। इन्हें तुंत केन्द्रीय सहायता दी जाए।[r14]